# प्रेस नोट/सराहनीय कार्य दिनांक 25-10-2020

श्री रामअभिलाष त्रिपाठी पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा अपराध की रोकथाम व अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत, श्री मायाराम वर्मा अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल पर्यवेक्षण में तथा श्री उमेश शर्मा क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज सिद्धार्थनगर कुशल निर्देशन व प्रभारी निरीक्षक भवानीगंज श्री रवीन्द्र कुमार सिंह के नेतृत्व में दिनांक 25 अक्टूबर 2020 को थाना क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए एसएचओ श्री रवीन्द्र कुमार सिंह व हमराहीयान के मामूर थे कि मुखविर खास द्वारा सूचना मिली एक व्यक्ति कोनार जंगली, साहब बाबा मजार के बगल में शस्त्र निर्माण का कार्य कर रहा था। इस सूचना पर एसएचओ श्री रवीन्द्र कुमार सिंह व हमराहीयान के मौके पर पहुंच कर देखा कि 2 अदद कट्टा 12 बोर चालू हालत में व एक अदद अर्ध निर्मित कट्टा 315 बोर व दो अदद अर्ध निर्मित नाल व अन्य शस्त्र बनाने वाले उपकरण बरामद किया गया तथा बरामदगी के आधार में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 144/2020 धारा 3/5/25/26 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर अभियुक्त ईदू पुत्र लतीफ साकिन भानपुर मस्जिदिया थाना भवानीगंज जनपद सिद्धार्थनगर को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया तथा यह थाने के सक्रिय अपराधी है। जिसका आपराधिक इतिहास विवरण निम्नवत् है।

**आपराधिक इतिहासः-**

1.मु0अ0सं0 112/2020 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना भवानीगंज जनपद सिद्धार्थनगर
2.मु0अ0सं0 143/2020 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट थाना भवानीगंज जनपद सिद्धार्थनगर
3.निरोधात्मक क्रमांक 268/2020 धारा 110 जी सीआरपीसी थाना भवानीगंज जनपद सिद्धार्थनगर
4. मु0अ0सं0 144/2020 धारा 3/5/25/26 आर्म्स एक्ट थाना भवानीगंज जनपद सिद्धार्थनगर
5. एनसीआर न0 23/2020 धारा 323, 504 आईपीसी थाना भवानीगंज जनपद सिद्धार्थनगर
6. एनसीआर नं0 96/2020 धारा 323, 352, 504 आईपीसी थाना भवानीगंज जनपद सिद्धार्थनगर

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणः –**

1 . ईदू पुत्र लतीफ साकिन भानपुर रानी मस्जिदिया थाना भवानीगंज जनपद सिद्धार्थनगर

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरणः-**

1 – प्र0नि0 श्री रवीन्द्र कुमार सिंह थाना भवानीगंज जनपद सिद्धार्थनगर
2 – उ0नि0 श्री सुग्रीव प्रसाद थाना भवानीगंज जनपद सिद्धार्थनगर
3 – उ0नि0 श्री शिव कुमार यादव थाना भवानीगंज जनपद सिद्धार्थनगर
4 – हे0का0 रामशंकर पाण्डेय थाना भवानीगंज जनपद सिद्धार्थनगर
5 – का0 राहुल कुमार यादव थाना भवानीगंज जनपद सिद्धार्थनगर

प्रेस नोट दिनांक 25-10-2020

आज दिनांक 25/10/2020 को महिला थाना पर परिवार परामर्श केंद्र नई किरण का आयोजन कर जनपद सिद्धार्थनगर पुलिस द्वारा 03 परिवारों को बिखरने से बचाया गया।

श्री राम अभिलाष त्रिपाठी पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देश पर आज दिनांक 25/1012020 को महिला थाना पर परिवार परामर्श केंद्र /नई किरण का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 10 पत्रावली या विचार प्रस्तुत हुई जिसमें 10 पत्रावलियों में दोनों पक्ष उपस्थित हुए। परामर्श के बाद 03 पत्रावलियों का सफल निस्तारण संभव हुआ। परामर्श के मुख्य परामर्शदाता,श्री विनय कांत मिश्रा, श्री शमशुल हक का सराहनीय योगदान रहा। निस्तारण में श्रीमती मंजू सिंह, प्रभारी निरीक्षक महिला थाना, महिला मुख्य आरक्षी सरोज माला , महिला आरक्षी ब्यूटी गिरी , महिला आरक्षी नेहा, महिला आरक्षी सविता सिंह का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

**निस्तारित पत्रावली का विवरण-**

1. ज्योति पत्नी राकेश निवासी सहजनवा जनपद गोरखपुर हाल मुकाम कस्बा जोगिया जनपद सिद्धार्थनगर।
2. सुनीता यादव पत्नी ध्रुवकुमार निवासी ग्राम बुकीनहा खालसा थाना चिल्हिया जनपद सिद्धार्थनगर।
3. शालिनी पत्नी राहुल निवासी सोहास खास टोला बजरहा थाना उस्का बाजार जनपद सिद्धार्थनगर।

**प्रेस नोट दिनांक- 25.10.2020**

**एण्टी रोमियो स्क्वाड द्वारा मिशन शक्ति अभियान के अंतिम दिन की कार्यवाही में 45 शोहदे पकड़े गये।**

जनपद सिद्धार्थनगर में गठित एण्टी रोमियो स्क्वाड पुलिस टीम और जनपद के सभी थानों पर गठित टीमों द्वारा आज जनपद के स्कूल-कॉलेज व भीड़-भाड़ वाले इलाके और पार्क आदि स्थानों पर पाए गए 45 मनचलों एवं शोहदों पर कार्यवाही की गयी।

माननीय मुख्यमंत्री उ.प्र. सरकार द्वारा मिशन शक्ति नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलम्बन के सम्बन्ध मे सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग द्वारा जारी आदेश के क्रम में श्री राम अभिलाष त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के अन्तर्गत श्री मायाराम वर्मा, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल पर्यवेक्षण में आज दिनांक 25.10.2020 को प्रभारी एण्टी रोमियो महिला उ0नि0 श्रीमती संध्या रानी तिवारी तथा समस्त थानो की एन्टी रोमियो टीमों द्वारा एण्टी रोमियो कार्यवाही के अन्तर्गत जनपद के स्कूल-कॉलेज/कोचिंग सेन्टर के पास तथा मुख्य सड़को, चौराहों आदि पर चेकिंग की गयी। इस दौरान 45 शोहदे पकड़े गये। शोहदो द्वारा माफी मांगने पर भविष्य में पुनरावृत्ति ना करने की हिदायत देने के बाद छोड़ा गया।

जनपद के विभिन्न कस्बों और गांवो तथा विद्यालयो मे जागरूकता अभियान चलाया गया | जिसके अंतर्गत आज जनपद में सभी थानो पर गठित टीमों द्वारा विभिन्न संस्थानों और सार्वजनिक स्थलों पर अभियान के तहत जागरूकता अभियान चलाया गया जिसके अंतर्गत नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलम्बन में मिशन शक्ति के तहत आपस में एक दूसरे से वार्तालाप किया गया और नारी सुरक्षा हेतु सरकार द्वारा चलाये जा रहे सेवाएं जैसे 1090 वीमेन पॉवर हेल्पलाईन, 181 महिला हेल्पलाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाईन, 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098 चाइल्ड लाइन, 102 स्वास्थ्य सेवा, 108 एम्बुलेंस सेवा के सम्बन्ध जानकारी दी गयी।

**एण्टी रोमियों टीम का विवरण-**

01- महिला उ0नि0 श्रीमती संध्यारानी तिवारी प्रभारी एण्टी रोमियो जनपद सिद्धार्थनगर।

02-आरक्षी रामविलास एण्टी रोमियो टीम जनपद सिद्धार्थनगर।

03-आरक्षी राकेश कुमार यादव एण्टी रोमियो टीम जनपद सिद्धार्थनगर।

04-महिला आरक्षी अमिता पटेल एण्टी रोमियो टीम जनपद सिद्धार्थनगर।

05-महिला आरक्षी रिनू एण्टी रोमियो टीम जनपद सिद्धार्थनगर |

06-विभिन्न थानो पर गठित एण्टी रोमियो टीम जनपद सिद्धार्थनगर |

प्रेस नोट दिनांक 25-10-2020

मिशन शक्ति – नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलम्बन जनपद सिद्धार्थनगर।

आज दिनांक 25.10.2020 को माननीय मुख्यमंत्री उ.प्र. सरकार द्वारा चलाये जा रहे अभियान मिशन शक्ति नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलम्बन सप्ताह के अंतिम दिन मिशन शक्ति नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलम्बन के सम्बन्ध में सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग द्वारा जारी आदेश के क्रम में व श्री राम अभिलाष त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक, सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में व श्री मायाराम वर्मा, अपर पुलिस अधीक्षक, सिद्धार्थनगर पर्यवेक्षण में जनपद के समस्त थानों पर महिला हेल्पडेस्क के तत्वाधान में लोहिया कला भवन सिद्धार्थनगर में समापन सेमिनार/सम्मेलन कार्यक्रम आयोजित की गयी। जिसमें नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलम्बन में मिशन शक्ति के तहत आपस में एक दूसरे से वार्तालाप किया गया और नारी सुरक्षा हेतु सरकार द्वारा चलाये जा रहे सेवाएं जैसे 1090-वीमेन पॉवर हेल्पलाईन, 181-महिला हेल्पलाइन, 1076-मुख्यमंत्री हेल्पलाईन, 112-पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098-चाइल्ड लाइन, 102-स्वास्थ्य सेवा, 108-एम्बुलेंस सेवा के सम्बन्ध में जानकारी दी गयी। नारी शक्ति एवं नारी सुरक्षा के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गयी। समाज के नारी वर्ग को सुदृढ़ एवं सशक्त बनाने हेतु जागरूक करते हुए बताया गया कि सरकार द्वारा चलाये जा रहे अभियान एवं सेवाओ का प्रयोग कर समाज को स्वच्छ वातावरण प्रदान किया जा सकता है।